## ग्राम पंचायत मोमन्यार, विकास खण्ड बंगाणा, जिला ऊना के लेखाओं का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन

## अवधि 01.04.2021 से 31.03.2023

### भाग-1

1 **(क) प्रस्तावना:-**

ग्यारहवें वित्त आयोग की सिफारिशों के फलस्वरूप हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 118 में संशोधन होने व संयुक्त निदेशक एवं उप सचिव पंचायती राज विभाग के पत्र संख्या PCH-HC-(5)C(15)LAD/2006-12669 दिनांक 07.04.2016 द्वारा पंचायती राज संस्थाओं के अंकेक्षण का दायित्व निदेशक, हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग को सौंपे जाने के दृष्टिगत ग्राम पंचायत मोमन्यार, विकास खण्ड बंगाणा, जिला ऊना के अवधि 01.04.2021 से 31.03.2023 के लेखाओं का अंकेक्षण कार्य हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग द्वारा किया गया।

**अंकेक्षण अवधि के दौरान ग्राम पंचायत मोमन्यार में निम्नलिखित प्रधान व सचिव कार्यरत रहे :-**

**प्रधान :-**

| क्रम संख्या | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1. | श्रीमती अंजना कुमारी | 01.04.2021 से 31.03.2023 |

**पंचायत सचिव:-**

| क्रम संख्या | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1. | श्री राकेश कुमार | 01.04.2021 से 31.03.2023 |

**(ख) गम्भीर अनियमितताओं का सार:-**

ग्राम पंचायत मोमन्यार, विकास खंड बंगाणा, जिला ऊना के लेखाओं अवधि 01.04.21 से 31.03.23 के अंकेक्षण एवं निरीक्षण के दौरान पाई गई गम्भीर अनियमितताओं का सार निम्न प्रकार से था :-

| क्रम संख्या | पैरा संख्या | अनियमितताओं का संक्षिप्त सार | राशि (लाखों में) |
|---|---|---|---|
| 1) | 6.1 | अनुदान उपयोग हेतु शेष | 52.61 |
| 2) | 7.1 (क), 7.2 व 7.3 | पंचायत राजस्व की वसूली शेष | 0.31 |
| 3) | 7.4 व 7.5 | विवाह पंजीकरण शुल्क को सरकारी कोष में जमा न करवाना | 0.09 |
| 4) | 8.1 | आपूर्तिकर्ता के बिलों से रॉयल्टी की कटौती न करना | 2.07 |
| 5) | 8.2 | आपूर्तिकर्ता के बिलों से स्रोत पर जी.एस.टी. टी.डी.एस. की कटौती न करना | 0.25 |
| 6) | 8.3 | औपचारिकताओं को पूर्ण किए बिना निर्माण सामग्री का क्रय करना | 0.23 |
| 7) | 8.4 | क्रय की गई सामग्री की स्टॉक प्रविष्टियाँ न करना | 1.15 |
| 8) | 9.1 | निर्माण कार्यों की माप पुस्तिकाएं अंकेक्षण में प्रस्तुत न करने बारे | 51.43 |
| 9) | 9.2 | मनरेगा शीर्ष से मजदूरी के रूप में अनियमित भुगतान | 0.15 |
| 10) | 9.3 | अनुदान प्लानिंग शीर्ष से अनियमित भुगतान | 0.05 |
| 11) | 9.4 | अग्रिम राशियों का समायोजन न करना | 20.00 |

**(ग) गत अंकेक्षण प्रतिवेदन :-**

**1) गत अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन अवधि 04/2013 से 03/2016**

| क्रम संख्या | पैरा संख्या | | |
|---|---|---|---|
| 1. | पैरा-3 | निर्णीत। | अंकेक्षण शुल्क ₹7200/- की वसूली बैंक ड्राफ्ट संख्या 0201881 दिनांक 29.07.2016 द्वारा कर ली गई है। |
| 2. | पैरा-4 व 4.1 | निर्णीत। | कोई कार्यवाही अपेक्षित नहीं है। |
| 3. | पैरा-5 (क) | निर्णीत। | गृहकर की वसूली की पुष्टि उपरांत। |
| 4. | पैरा-5 (ख) | निर्णीत। | गृहकर मांग एवं एकत्रीकरण रजिस्टर की सत्यापना उपरांत। |
| 5. | पैरा-5 (ग) | निर्णीत। | दुकान किराये की वसूली की पुष्टि उपरांत। |
| 6. | पैरा- 6 | अनिर्णीत। | |
| 7. | पैरा-7 | अनिर्णीत। | |
| 8. | पैरा-8 | निर्णीत। | अनुपालना की सत्यापना उपरांत। |
| 9. | पैरा-9 | निर्णीत। | वर्तमान अंकेक्षण के पैरा संख्या 6.1 में पुनः प्रारूपित |
| 10. | पैरा-10 | अनिर्णीत। | |
| 11. | पैरा-11 (क व ख) | अनिर्णीत। | |
| 12. | पैरा-12 | निर्णीत। | अधिक भुगतान की गई ₹504 की वसूली सम्बन्धित से कर ली गई है, जिसका इन्द्राज रोकड़ बही पृष्ठ संख्या 121 व 122 पर कर दिया गया है। |
| 13. | पैरा-13 | अनिर्णीत। | |
| 14. | पैरा-14 | अनिर्णीत | |
| 15. | पैरा-15 | अनिर्णीत | |
| 16. | पैरा-16 | अनिर्णीत | |
| 17. | पैरा-17 | अनिर्णीत | |
| 18. | पैरा-18 | अनिर्णीत | |
| 19. | पैरा-19 | अनिर्णीत | |
| 20. | पैरा-20 | निर्णीत | वर्तमान अंकेक्षण प्रतिवेदन के पैरा संख्या 10 में पुनः प्रारूपित। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 21. | पैरा-21 | निर्णीत | वर्तमान अंकेक्षण प्रतिवेदन के पैरा संख्या 11 में पुन: प्रारूपित। |

## भाग-2

**2 वर्तमान अंकेक्षण :-**

ग्राम पंचायत मोमन्यार, विकास खंड बंगाणा, जिला ऊना के अवधि 01/04/21 से 31/03/23 तक के लेखाओं का वर्तमान अंकेक्षण सर्वश्री देव राज व अशवनी कुमार, कनिष्ठ लेखा परीक्षकों द्वारा दिनांक 08.01.2024 से 12.01.2024 तक ग्राम पंचायत मोमन्यार के कार्यालय में किया गया। आय व्यय की विस्तृत जांच हेतू मास चयन निम्न तालिका के अनुसार स्व: स्त्रोतों की आय तथा पंचायत के कुल व्यय के आधार पर किया गया :-

| वित्तीय वर्ष | आय | व्यय |
|---|---|---|
| 2021-22 | 03/2022 | 07/2021 |
| 2022-23 | 11/2022 | 07/2022 |

"इस अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन का प्रारूपण पंचायत के नियन्त्रण अधिकारी द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचनाओं एवं अभिलेख के आधार पर किया गया है। उक्त पंचायत द्वारा अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गई किसी भी ग़लत सूचना / अभिलेख के अपूर्ण / गलत व उपलब्ध न होने की स्थिति में अंकेक्षण प्रतिवेदन पर होने वाले किसी भी प्रभाव हेतू हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग उत्तरदायी नहीं होगा"

**3 अंकेक्षण शुल्क :-**

ग्राम पंचायत मोमन्यार, विकास खंड बंगाणा, जिला ऊना के अवधि 01/04/21 से 31/03/23 तक के लेखाओं का अंकेक्षण शुल्क ₹8000/- आंका गया। उक्त अंकेक्षण शुल्क की राशि को रेखांकित बैंक ड्राफ्ट / मल्टीसिटी चैक के माध्यम से निदेशक, हि० प्र० राज्य लेखा परीक्षा विभाग शिमला-9 को प्रेषित करने हेतू अंकेक्षण अधियाचना संख्या 42/2024 दिनांक 12/01/2024 द्वारा पंचायत सचिव से अनुरोध किया गया, जिसकी अनुपालना में ग्राम पंचायत मोमन्यार द्वारा काँगड़ा केन्द्रीय सहकारी बैंक सीमित बंगाणा के बैंक ड्राफ्ट संख्या KAA 281083

दिनांक 16/01/2024 द्वारा उक्त राशि को निदेशक, हि० प्र० राज्य लेखा परीक्षा विभाग शिमला-9 को प्रेषित कर दिया गया।

## 4.1 वित्तीय स्थिति:-

सचिव, ग्राम पंचायत मोमन्यार द्वारा अंकेक्षण अधियाचना संख्या 26/2024 दिनांक 08.01.2024 के प्रत्युतर में प्रस्तुत अभिलेख के अनुसार पंचायत के अवधि 04/21 से 03/23 के लेखाओं की संकलित वित्तीय स्थिति निम्न प्रकार से थी, जिसका विस्तृत विवरण **सलंग्न परिशिष्ट "क"** पर दिया गया है। ग्राम पंचायत द्वारा अंकेक्षण अवधि दौरान सात रोकड़ बहियों अर्थात् स्व स्त्रोत व अनुदान (समेकित रोकड़ बही), अनुदान (प्लानिंग शीर्ष), स्वच्छ भारत मिशन (SBM), 14वां वित्तायोग, 15वां वित्तायोग (Online), प्रधान मंत्री आदर्श ग्राम योजना व मनरेगा (Online) का रख-रखाव किया गया था।

**संकलित वित्तीय स्थिति**

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **क्रम संख्या** | **वर्ष** | **प्रारम्भिक शेष (₹)** | **आय ब्याज सहित (₹)** | **कुल योग (₹) (3+4)** | **व्यय (₹)** | **अंतिम शेष (₹) (5-6)** |
| 1 | 2021-22 | 4492800.71 | 9151424 | 13644224.71 | 7884145.65 | 5760079.06 |
| 1 | 2022-23 | 5760079.06 | 11063484 | 16823563.06 | 11562513 | 5261050.06 |

## 4.2 बैंक समाधान विवरणी :-

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि ग्राम पंचायत मोमन्यार के अंकेक्षण अवधि के अंत में दिनांक 31.03.23 को निम्नानुसार रोकड़ बही तथा बैंक खातों में अन्तर **₹39332/-** था :-

| | | |
|---|---|---|
| 1) | दिनांक 31.03.23 को रोकड़ बही खाता पैरा 4.1 का अंतशेष | 5261050.06 |
| 2) | दिनांक 31.03.23 को बैंक का अन्तशेष (**परिशिष्ट क-1**) | **5300382.06** |
| 3) | दिनांक 31.03.23 को हस्तगत राशि (स्वः स्त्रोत व अनुदान) | 0.00 |
| 4) | **योग (2+3)** | **5300382.06** |
| 5) | **अन्तर (4-1)** | **39332.00** |

**4.3 अंतर के कारण :-**

दिनांक 04.09.22, 14.12.22 व 05.03.23 को ₹13772, ₹12221 व ₹13339 कुल ₹39332 बैंक द्वारा 15वें वित्तायोग शीर्ष में ब्याज का क्रेडिट दिया गया, जिसे दिनांक 31.03.23 तक रोकड़ बही के आय पक्ष में लेखांकित नहीं किया गया।

**4.4 दिनांक 31.03.23 को बैंक शेष व हस्तगत राशि का अंतशेष का विवरण निम्नानुसार है (परिशिष्ट क-1) :-**

| क्रम संख्या | बैंक का नाम | खाता संख्या | राशि (₹) |
|---|---|---|---|
| 1 | KCCB BANGANA (Own &GIA) | 20034024194 | 465203.60 |
| 2 | KCCB BANGANA (PLANING) | 20034056206 | 1336602.00 |
| 3 | PNB KHURWAIN (15th FC) | 2661000100071732 | 2546695.46 |
| 4 | KCCB THANAKALAN (PMGAY) | 50070790015 | 951881.00 |
| 5 | KCCB THANAKALAN (14TH FC) | 50068277892 | 0.00 |
| | | **योग** | **5300382.06** |
| | | **हस्तगत राशि (Own & GIA)** | 0.00 |
| | | **योग (1+2)** | **5300382.06** |

**4.5 खाता बहियों का रख-रखाव न करना :-**

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 29 के अनुसार पंचायत को खाता बहियों का रख-रखाव किया जाना अनिवार्य है। परन्तु अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा रोकड़ बहियों में लेखांकित आय–व्यय के सम्बन्ध में नियमानुसार खाता बहियां नहीं बनाई गई थी। खाता बहियाँ नहीं बनाए जाने के कारण

प्राप्त अनुदानों और स्वयं स्त्रोत की आय-व्यय को अलग-अलग नहीं किया जा सका। अतः भविष्य में उक्त नियमानुसार खाता बहियों का रख-रखाव किया जाए तथा वांछित कार्यवाही करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**5 सावधिक निवेश :-**

अंकेक्षण अधियाचना संख्या 26/2024 दिनांक 08.01.2024 की अनुपालना में पंचायत सचिव द्वारा अपने पत्र संख्या 01/2024 दिनांक 12/01/2024 द्वारा प्रदान की गई सूचना के अनुसार पंचायत का अवधि 04/21 से 03/23 तक सावधि जमा योजना में निवेश शून्य था। अतः पंचायत सचिव को परामर्श दिया जाता है कि स्वयं स्त्रोत तथा अनुदान से सम्बन्धित रोकड़ बहियों का अलग-अलग रख-रखाव करके, स्वयं स्त्रोत में आवश्यकता से अधिक पड़ी राशि को हि० प्र० पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 11 के अनुसार सावधि जमा योजना में निवेशित किया जाना सुनिश्चित किया जाए ताकि ग्राम पंचायत को ब्याज के रूप में अतिरिक्त आय प्राप्त हो सके। अनुपालना से अंकेक्षण को भी अवगत करवाया जाए।

**6 अनुदान**

**6.1 अनुदान ₹52.61 लाख उपयोग हेतु शेष :-**

हि० प्र० पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 9 के अनुसार पंचायत द्वारा प्राप्त विभिन्न अनुदानों को फंडिंग एजेंसी के दिशा निर्देशों अनुसार व्यय किया जाना अपेक्षित है। पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना संख्या 26/2024 दिनांक 08.01.2024 के प्रत्युतर में प्रस्तुत सूचना जोकि **(परिशिष्ट क)** पर सलंग्न है, के अनुसार दिनांक 31.03.2023 तक अनुदान में (स्वः स्त्रोत सहित) प्राप्त राशियों में **₹**5261050.06 की राशि उपयोग हेतू शेष थी। ग्राम पंचायत द्वारा विभिन्न विकासात्मक कार्यों हेतू प्राप्त अनुदानों के स्वीकृति पत्र की शर्त अनुसार अनुदान राशि को विहित अवधि के दौरान व्यय करना अपेक्षित है। अतः ऐसे अनुदान जिनकी विहित अवधि समाप्त हो चुकी हो, तो इसका कारण स्पष्ट करते हुए सक्षम अधिकारी से अवधि बढ़ौतरी की स्वीकृति प्राप्त करके उक्त राशि को व्यय करना सुनिश्चित किया जाए व अनुपालना से अंकेक्षण को भी अवगत करवाया जाए।

**6.2 अनुदानों के उपयोगिता प्रमाण पत्र प्रस्तुत न करना :-**

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, सकर्म, कराधान,व भत्ते) नियम 2002 के नियम 88 के अनुसार पंचायत को दिए गए अनुदानों का उपयोग उसी प्रयोजन के लिए किया जा सकता है, जिसके लिए अनुदान मंजूर किए गए हैं एवं उस अधिकारी को जिसने अनुदान मंजूर किए हैं, को उपयोगिता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है | इस सन्दर्भ मे जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या 26/2024 दिनांक 08.01.2024 के प्रतिउत्तर में सचिव द्वारा पत्र संख्या 01/2024 दिनांक 12/01/2024 द्वारा अवगत करवाया गया कि विभिन्न अनुदानों के व्यय के सम्बन्ध में उपयोगिता प्रमाण पत्र आगामी अंकेक्षण में जाँच हेतू प्रस्तुत कर दिए जाएंगे | अतः अपेक्षित कार्यवाही करके अनुपालना शीघ्र अंकेक्षण को दिखाई जाए।

**6.3 अनुदान के आदेश / स्वीकृति पत्र की प्रति उपलब्ध न करवाना :-**

अंकेक्षण अधियाचना संख्या 26/2024 दिनांक 08.01.2024 द्वारा मांगी गई सूचना के प्रतिउत्तर में अपने पत्र संख्या 01/2024 दिनांक 12/01/2024 द्वारा अवगत करवाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा अंकेक्षण अवधि में प्राप्त किए गए अनुदानों के आदेश / स्वीकृति पत्र पंचायत में प्राप्त नही हुए हैं तथा खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय द्वारा राशि प्राप्त होने के उपरांत मौखिक रूप में अनुदानों के प्रयोजन बारे सूचित किया जाता है यह एक अनुचित प्रक्रिया है क्योंकि लिखित रूप में अनुदान का प्रयोजन प्राप्त न होने के कारण अनुदानों के दुर्विनियोजन की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता | अतः अनुदान के आदेश / स्वीकृति पत्र की प्रति उपलब्ध न होने के कारण यह ज्ञात नहीं हो सकता कि पंचायत द्वारा प्राप्त किए गए अनुदान किस उद्देश्य / कार्य विशेष के लिए प्राप्त किए गए थे | अतः उक्त आदेश / स्वीकृति पत्र खण्ड विकास अधिकारी के कार्यालय से प्राप्त करके अंकेक्षण में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

**स्वयं स्त्रोत**

**7.1 पंचायत राजस्व ₹0.25 लाख की वसूली हेतु शेष :-**

(क) हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, सकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 33 के अनुसार पंचायत को सम्पत्ति कर / गृहकर की वसूली करना अपेक्षित था | पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना संख्या 26/2024 दिनांक 08.01.2024 के क्रम संख्या 5 के प्रतिउत्तर में

अपने पत्र संख्या 01/2024 दिनांक 12/01/2024 द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचना का अवलोकन करने पर पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा दिनांक 31.03.2023 तक पंचायत राजस्व गृहकर ₹24960/- **(परिशिष्ट ख अनुसार)** वसूली हेतू शेष थी :-

| **वर्ष** | **प्रारम्भिक शेष (₹)** | **मांग (₹)** | **योग (₹)** | **प्राप्ति (₹)** | **वसूली हेतू शेष राशि (₹)** |
|---|---|---|---|---|---|
| 2021-22 | 54700 | 13120 | 67820 | 55980 | 11840 |
| 2022-23 | 11840 | 13120 | 24960 | 0 | 24960 |

अतः गृहकर की राशि की वसूली न करने का औचित्य स्पष्ट किया जाए व इसकी शीघ्र वसूली करके अनुपालना अंकेक्षण को दिखाई जाए।

**ख)** हि० प्र० पंचायती राज (वित, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 33 और 77 के अनुसार फार्म 10 पर पंचायत के गृहकर की मांग और संग्रहण रजिस्टर तैयार करना अपेक्षित था | अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि पंचायत द्वारा अंकेक्षण अवधि के लिए पंचायत के गृहकर का मांग और संग्रहण रजिस्टर तैयार नहीं किया गया था | अतः गृहकर का मांग एवं संग्रहण रजिस्टर तैयार न करने के कारणों को स्पष्ट करते हुए भविष्य में नियमानुसार अभिलेख तैयार करना सुनिश्चित किया जाए |

## 7.2 दुकानों के किराये के रूप में ₹0.01 लाख की वसूली हेतु शेष :-

सचिव, ग्राम पंचायत द्वारा अंकेक्षण अधियाचना संख्या 26/2024 दिनांक 08.01.2024 के प्रत्युत्तर में यथा **(परिशिष्ट - ग)** पर उपलब्ध करवाई गई सूचना के अनुसार दिनांक 31.03.23 तक दुकानों के किराये के रूप में ₹800 वसूली हेतू शेष थी | अत: दुकानों के किराये के रूप में शेष बची राशि की वसूली न करने का औचित्य स्पष्ट किया जाए व दुकानों के किराये के रूप में शेष बची राशि की अविलम्ब वसूली करने के उपरांत यह राशि पंचायत निधि में जमा करवाई जानी सुनिश्चित की जाए व अनुपालना से इस विभाग को भी अवगत करवाया जाए |

| वर्ष | प्रारम्भिक शेष (₹) | मांग (₹) | योग (₹) | प्राप्ति (₹) | वसूली हेतू शेष राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| 2021-22 | 0 | 18000 | 18000 | 15600 | 2400 |
| 2022-23 | 2400 | 18000 | 20400 | 19600 | 800 |

**7.3 मोबाइल टावर शुल्क ₹0.05 लाख की वसूली न करना :-**

ग्राम पंचायत द्वारा अंकेक्षण को अंकेक्षण अधियाचना संख्या 26/2024 दिनांक 08.01.2024 के प्रत्युत्तर में यथा (**परिशिष्ट -घ**) पर उपलब्ध करवाई गई सूचना के अनुसार दिनांक 31.03.23 को **निम्न विवरणानुसार** मोबाईल टावरों के स्थापना / नवीनीकरण शुल्क ₹**5000/-** वसूली हेतु शेष थी जिसे सूचना प्रोद्यौगिक विभाग, हिमाचल प्रदेश सरकार के पत्र संख्या DIT.Dev-(IT)2005(Misc.)-96 दिनांक 21/06/2017 व Right of Way Policy – 2021 से सम्बन्धित अधिसूचना संख्या: DIT-FO5(23)/1/2017-I.T. Section –GOHP, दिनांक 09.02.2021 के अनुसार वसूल किया जाना अपेक्षित है । अवलोकन पर पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा वसूली हेतु कोई भी ठोस कार्यवाही अमल में नहीं लाई गई थी | अत: मोबाईल टावरों के स्थापना / नवीनीकरण शुल्क की राशि की वसूली न करने का औचित्य स्पष्ट किया जाए व इसकी शीघ्र वसूली करके अनुपालना अंकेक्षण को दिखाई जाए।

| क्रम संख्या | कम्पनी का नाम | दिनांक 31.03.23 तक वसूली योग्य राशि (₹) |
|---|---|---|
| 1) | Reliance 1 | 5000 |
| | **कुल योग** | **5000** |

**7.4 विवाह पंजीकरण शुल्क की राशि ₹0.07 लाख को सरकारी कोष में जमा न करवाना :-**

सचिव, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, हिमाचल प्रदेश की अधिसूचना संख्या-SJE-A-A-(3)-1/2015 दिनांक 04.10.16 के अंतर्गत विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में ₹200/- प्रति शुल्क तथा देरी के लिए दुगनी दर से पंजीकरण शुल्क प्राप्त की जानी निर्धारित है जिसे समय-समय पर वसूल करने के उपरान्त हि० प्र० विवाह पंजीकरण नियम, 2004 के नियम 9 के अनुसार राजकीय कोष में निर्धारित लेखा शीर्ष 0235-00-800-03 में जमा करवाया जाना अपेक्षित है ।

लेकिन अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा वित्तीय वर्ष 2021-22 व 2022-23 के दौरान विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में वसूली गई राशि ₹7400 को सरकारी कोष में जमा नहीं करवाया गया था जिसका विवरण निम्नलिखित प्रकार से है :-

| क्रम संख्या | वित्तीय वर्ष | विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में वसूली गई राशि (₹) |
|---|---|---|
| 1 | 2021-22 | 4600 |
| 2 | 2022-23 | 2800 |
| | **योग** | **7400/-** |

इस सम्बन्ध में जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या 32/2024 दिनांक 09.01.2024 के प्रत्युत्तर में सचिव द्वारा अपने पत्र संख्या 3/2024 दिनांक 12/01/2024 द्वारा स्पष्ट किया कि विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में वसूली गई राशि को सरकारी कोष में जमा करवा दिया जाएगा। अतः विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में वसूली गई सम्पूर्ण राशि को शीघ्र अति शीघ्र सरकारी कोष में जमा करवाया जाना सुनिश्चित किया जाए व अनुपालना से अंकेक्षण को भी अवगत करवाया जाए।

**7.5 विवाह पंजीकरण शुल्क ₹0.02 लाख की कम वसूली करना :-**

सचिव, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, हिमाचल प्रदेश की अधिसूचना संख्या-SJE-A-A-(3)-1/2015 दिनांक 04.10.16 के अंतर्गत विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में ₹200/- प्रति शुल्क तथा देरी के लिए दुगनी दर से पंजीकरण शुल्क प्राप्त की जानी निर्धारित है जिसे समय-समय पर वसूल करने के उपरान्त हि० प्र० विवाह पंजीकरण नियम, 2004 के नियम 9 के अनुसार राजकीय कोष में निर्धारित लेखा शीर्ष 0235-00-800-03 में जमा करवाया जाना अपेक्षित है। लेकिन अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा वित्तीय वर्ष 2021-22 व 2022-23 के दौरान **निम्न वर्णित** मामलों में विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में निर्धारित दरों से ₹2000 की कम वसूली गई थी :-

| क्रम संख्या | नाम | रसीद संख्या | विवाह की तिथि | पंजीकरण की तिथि | वसूली योग्य राशि (₹) | वसूली गई राशि (₹) | कम वसूली गई राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Ajay kumar | 907232 | 27-04-2021 | 07-06-2021 | 400 | 200 | 200 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | Vipan kumar | 907233 | 04-05-2021 | 09-06-2021 | 400 | 200 | 200 |
| 3 | Lakhvinder kumar | 907234 | 08-05-2021 | 10-06-2021 | 400 | 200 | 200 |
| 4 | Vikram singh | 907240 | 22-04-2021 | 23-06-2021 | 400 | 200 | 200 |
| 5 | Pardeep kumar | 907241 | 23-04-2021 | 25-06-2021 | 400 | 200 | 200 |
| 6 | Varun sharma | 907254 | 12-08-2021 | 22-09-2021 | 400 | 200 | 200 |
| 7 | Vikram singh | 907257 | 08-10-2021 | 11-11-2021 | 400 | 200 | 200 |
| 8 | Deep kumar | 26232 | 29-09-2022 | 31-10-2022 | 400 | 200 | 200 |
| 9 | Sulinder kumar | 26244 | 09-12-2022 | 13-02-2023 | 400 | 200 | 200 |
| 10 | Vivek kumar | 26248 | 15-02-2023 | 24-03-2023 | 400 | 200 | 200 |
| | | | | | | **कुल योग** | **2000/-** |

अत: इस सम्बन्ध में जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या 33/2024 दिनांक 09.01.2024 के प्रत्युत्तर में सचिव द्वारा अपने पत्र संख्या 03/2024 दिनांक 12/01/2024 द्वारा स्पष्ट किया कि विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में कम वसूली गई राशि की वसूली रसीद संख्या 26292 से 26301 दिनांक 12/01/2024 द्वारा कर ली गई है जिसे राजकीय कोष के मद 0235-00-800-03 में जमा करवा दिया जाएगा। उक्त राशि को बैंक में दिनांक 17.01.24 को जमा करके रखा गया है। अतः विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में वसूली गई सम्पूर्ण राशि को शीघ्र अति शीघ्र सरकारी कोष में जमा करवाया जाना सुनिश्चित किया जाए व अनुपालना से अंकेक्षण को भी अवगत करवाया जाए।

### 8.1 आपूर्तिकर्ता के बिलों से ₹2.07 लाख रॉयल्टी की कटौती न करना :-

हिमाचल प्रदेश माइनर मिनरल्स नियम 2015 के नियम 81 व 81-ए के अनुसार किसी व्यक्ति द्वारा खनन सामग्री की आपूर्ति करने पर अधिकृत माइनिंग लीज होल्डर द्वारा जारी व माइनिंग अधिकारी या अन्य प्राधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित ट्रांजिट पास "फार्म डब्ल्यू" या सप्लीमेंटरी पास "फार्म एक्स" उपलब्ध करवाना अनिवार्य है अन्यथा उक्त नियम की द्वितीय अनुसूची के अनुसार निम्न दरों से रॉयल्टी का भुगतान 25% पेनल्टी के साथ करना होगा।

अंकेक्षण के दौरान चयनित माह 07/2021 व 07/2022 के व्यय वाउचरों की जाँच दौरान पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्तिकर्ता से खनन सामग्री जैसे पत्थर,रेत, बजरी इत्यादि की आपूर्ति पर उक्त ट्रांजिट पास अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं किए गए | परिणामस्वरूप आपूर्तिकर्ता को **सलंग्र परिशिष्ट "ड." अनुसार ₹206500/-** का अनियमित भुगतान किया गया | इस सम्बन्ध में जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या 34/2024 दिनांक 10/01/2024 के प्रतिउत्तर में सचिव द्वारा पत्र संख्या 03/2024 दिनांक 12/01/2024 द्वारा सूचित किया गया कि उक्त पत्र में वर्णित रॉयल्टी की कटौती नहीं की गई है जिसे भविष्य में रॉयल्टी नियमानुसार काटी जाएगी अथवा ट्रांजिट पास फार्म लिया जाएगा | उत्तर मान्य नहीं है क्योंकि ट्रांजिट पास की अनुपस्थिति में आपूर्तिकर्ता को खनन सामग्री का भुगतान रॉयल्टी की कटौती 25% पेनल्टी सहित करने के पश्चात किया जाना अपेक्षित था |

अत: ₹**206500/-** के अनियमित भुगतान को न्यायोचित ठहराया जाये अन्यथा इसकी वसूली उचित स्त्रोत से करके हिमाचल प्रदेश सरकार के आय लेखा शीर्षक: "0853-Non Ferrous Mining and Metallurgical Industries, 102-Mineral Concession Fees and Royalties, 81-Other receipts" में जमा करवाकर अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए |

**8.2 आपूर्तिकर्ता के बिलों से स्त्रोत पर 2% जी.एस.टी. टी.डी.एस. की कटौती न करने के कारण ₹0.25 लाख का अधिक भुगतान :-**

हिमाचल प्रदेश जी.एस.टी. अधिनियम, 2017 की धारा 51 तथा हि.प्र. आवकारी एवं कराधान विभाग के पत्र संख्या 12-4/78 EXN-TAX-Part(278/25)-29056 दिनांक 29/09/2018 के अनुसार किसी भी व्यक्ति / फर्म / संस्था / स्थानीय प्राधिकरण अथवा सरकारी विभाग (Person/HUF/Firm/Local authority / Govt. Deductor) द्वारा संविदाकार व्यक्ति, फर्म को सेवाएं तथा वस्तुएं प्रदान करने के बदले एक वित्तीय वर्ष में ₹250000/- से अधिक राशि के भुगतान पर 2% (1% सी.जी.एस.टी. + 1% एस.जी.एस.टी.-अन्तर्राज्यीय आपूर्ति तथा 2% आई.जी.एस.टी.-अंतर्राज्यीय आपूर्ति) की दर से जी.एस.टी. टी.डी.एस. की कटौती सम्बन्धित व्यक्ति / फर्म / संविदाकार को नगद अथवा बैंक खाते में अदायगी के समय की जानी अपेक्षित है तथा उक्त कटौती की राशि को अगले माह 10 तारीख से पहले सम्बन्धित विभाग में जमा करवाया जाना

अपेक्षित है | परन्तु अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा चयनित माह 07/2022 में आपूर्तिकर्ताओं को सामग्री की आपूर्ति के लिए **परिशिष्ट च** पर उपलब्ध करवाई गई सूचना अनुसार **₹1232400/-** (जी.एस.टी. को छोडकर) भुगतान किया गया था | लेकिन ग्राम पंचायत द्वारा स्त्रोत पर **₹24648/-** की 2% जी.एस.टी. टी.डी.एस. के रूप में कटौती नहीं की गई थी जोकि नियमानुसार अनुचित प्रक्रिया है |

| क्रम संख्या | चयनित माह | फर्म / व्यक्ति का नाम | क्रय सामान का विवरण | राशि (₹) | जी.एस.टी.टी.डी.एस. की कटौती योग्य राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 07/2022 | श्री रमेश कुमार गांव खुरवाई | बजरा, बजरी | 715880 | 14318 (2% x 715880) |
| 2 | 07/2022 | M/s राणा कंस्ट्रक्शन गांव खुरवाई | रेत | 516520 | 10330 (2% x 516520) |
| | | | | **योग** | **24648/-** |

अत: इस सन्दर्भ में जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या 37/2024 दिनांक 11/01/2024 के प्रत्युत्तर में पत्र संख्या 03/2024 दिनांक 12/01/2024 द्वारा अंकेक्षण में स्पष्ट किया गया कि उक्त पत्र में वर्णित ₹**24648/-** जी.एस.टी. टी.डी.एस. की कटौती बिलों में से नहीं की गई है, जिसे भविष्य में नियमानुसार काटा जाएगा | उत्तर संतोषजनक नहीं है । अत: जी.एस.टी. टी.डी.एस. की कटौती न करने का औचित्य स्पष्ट किया जाए व इसे न्यायोचित ठहराया जाए अन्यथा अपेक्षित राशि की वसूली उचित स्त्रोत से करने उपरान्त इसे सम्बन्धित विभाग में जमा करवाया जाए। अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**8.3 औपचारिकताओं को पूर्ण किए बिना ₹0.23 लाख की निर्माण सामग्री का क्रय करना :-**

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, सकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 67(4) व 67(5) द्वारा स्टॉक / स्टोर का क्रय करने की औपचारिकताएं प्रावधित हैं | व्यय

वाउचरों के अंकेक्षण में पाया गया कि अनुदान (प्लानिंग शीर्ष) के अन्तर्गत **निम्न विवरणानुसार** पंचायत द्वारा **₹**22562 की सामग्री का क्रय निविदाएँ आमंत्रित किए बिना ही किया गया था जोकि उक्त नियमों के अनुसार न होने के कारण अनियमित व आपत्तिजनक है। अत: इस सन्दर्भ में जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या 40/2024 दिनांक 21/01/2024 के प्रत्युत्तर में सचिव द्वारा अपने पत्र संख्या 03/2024 दिनांक 12/01/2024 द्वारा स्पष्ट किया गया कि उक्त पत्र में वर्णित अनियमितता को भविष्य में नहीं दोहराया जाएगा | उत्तर संतोषजनक नहीं है | अत: सचिव को परामर्श दिया जाता है कि भविष्य में नियमानुसार ही सामग्री का क्रय किया जाना सुनिश्चित किया जाए |

| **क्रम संख्या** | **शीर्ष का नाम** | **वाउचर संख्या** | **माह** | **फर्म का नाम व पता** | **बिल संख्या व दिनांक** | **क्रय किए गए सामान का विवरण** | **राशि (₹)** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अनुदान प्लानिंग शीर्ष | 11 | 07/21 | SAI SALES UNA | 152,145<br>29/04/21 | पेंट का सामान | 22562 |

**8.4 ₹1.15 लाख सामग्री की स्टॉक प्रविष्टियाँ न करना :-**

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 69 और 72 के अनुसार स्टॉक रजिस्टर का रख-रखाव व स्टोर / स्टॉक की प्राप्ति व खपत सम्बन्धी अभिलेख तैयार किया जाना अपेक्षित है। परन्तु ग्राम पंचायत द्वारा अंकेक्षण अवधि 04/21 से 03/23 के चयनित माह 07/2021 में अनुदान (प्लानिंग शीर्ष) के अंतर्गत **निम्न विवरणानुसार ₹114901** की सामग्री का क्रय किया गया था, लेकिन उक्त क्रय किए गए सामान की स्टॉक रजिस्टरों में स्टॉक प्राप्ति प्रविष्टियाँ व खपत / जारी करने से सम्बन्धित अभिलेख दर्ज नहीं था :-

| **क्रमांक** | **शीर्ष का नाम** | **वाउचर संख्या व माह** | **बिल संख्या व माह** | **फर्म का नाम एवं पता** | **क्रय सामान का विवरण** | **राशि (₹)** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अनुदान (प्लानिंग शीर्ष) | 8<br>07/21 | 1015<br>25/09/20 | KULWANT ENTERPRISES VILL. BOUL | स्टील | 24442 |
| 2 | अनुदान (प्लानिंग शीर्ष) | 10<br>07/21 | 240 TO 243<br>20/09/20 | GURDEV TRADING CO. | सेनेटरी का सामान | 67897 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | AMBEHRA | | |
| 3 | अनुदान (प्लानिंग शीर्ष) | 11<br>07/21 | 152,145<br>29/04/2021 | SAI SALES UNA | पेंट का सामान | 22562 |
| | | | | | **योग** | **114901/-** |

उपरोक्त प्रकरण अंकेक्षण अधियाचना संख्या 39/2024 दिनांक 11/01/2024 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत मोमन्यार के ध्यानार्थ लाया गया | प्रत्युत्तर में सचिव द्वारा अपने पत्र संख्या 03/2024 दिनांक 12/01/2024 द्वारा स्पष्ट किया गया कि उक्त स्टॉक प्रविष्टियाँ स्टॉक रजिस्टर में कर ली जाएगी | अत: वांछित अभिलेख तैयार न करने का औचित्य स्पष्ट किया जाए व उक्त सम्पूर्ण क्रय की गई सामग्री की सम्बन्धित स्टॉक रजिस्टरों में स्टॉक प्राप्ति प्रविष्टियाँ व खपत से सम्बन्धित अभिलेख तैयार करने के उपरान्त अंकेक्षण में प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित किया जाए |

### 9.1 ₹51.43 लाख के व्यय के मूल्यांकन से सम्बन्धित माप पुस्तिकाएं अंकेक्षण में प्रस्तुत न करना :-

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित, बजट लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम, 2002 के नियम 79 (2) के अनुसार पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण को पंचायत लेखों से सम्बन्धित उपयुक्त अभिलेख प्रस्तुत करना अपेक्षित है | अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा चयनित माह 07/2021 व 07/2022 में **निम्न विवरणानुसार** कार्यों हेतु प्रयोग की गई सामग्री के लिए बिलों के अन्तर्गत **₹5142877** का भुगतान किया गया था :-

| क्रम संख्या | शीर्ष का नाम | माह | कार्य का नाम | बिल संख्या व दिनांक | सामग्री | राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मनरेगा | 07/21 | C/O NIRMAN LINK ROAD JATTA HARIJANA LUDER CHILLE DA WARA MOHKHAS | 866850<br>25/06/21 | सीमेंट | 99892 |
| 2 | मनरेगा | 07/21 | C/O LINK ROAD MAIN ROAD TO MANOHAR LAL | 866850<br>25/06/21 | सीमेंट | 558220 |
| 3 | मनरेगा | 07/21 | C/O LINK ROAD MAIN | 866850 | सीमेंट | 411320 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | ROAD TO GURCHARAN SINGH | 25/06/21 | | |
| 4 | मनरेगा | 07/21 | C/O LINK ROAD MOHKHAS COMMUNITY CENTRE TO MAHINDER SINGH | 866850 25/06/21 | सीमेंट | 484770 |
| 5 | मनरेगा | 07/21 | C/O LINK ROAD SHAMSHANGHAT TO HARIZANA BASTI | 866850 25/06/21 | सीमेंट | 411320 |
| 6 | मनरेगा | 07/21 | C/O LINK ROAD JHAMBER ROAD TO HARDEEP, RANJIT | 866850 25/06/21 | सीमेंट | 176280 |
| 7 | मनरेगा | 07/21 | C/O POUND ETC<br>. (PANCHWATI) GP MOMNIAR | 866850<br>25/06/21 | सीमेंट | 23504 |
| 8 | मनरेगा | 07/22 | C/O LINK ROAD TO MANOHAR LAL, JAGDEV | 1,3,7,9,13,26 ,27,102,116, 197 DTD. 24,25,26,27/ 12/2021, 09/02/2022, 26/12/2021, 23,25/03/20 22 | रेत,बजरी, बोर्ड, ढुलाई इत्यादि | 375792 |
| 9 | मनरेगा | 07/22 | C/O LINK ROAD MAIN ROAD TO GURCHARAN SINGH | 2,4,8,10,25,2 6,28,102,117 ,196 DTD. 24,25,26/12/ 2021, 09,10/02/20 22, 26/12/2021, 23,25/03/20 22 | रेत,बजरी, बोर्ड, ढुलाई इत्यादि | 330539 |
| 10 | मनरेगा | 07/22 | C/O LINK ROAD COMMUNITY CENTRE MOHKHAS TO DHIYAN | 042514 10/01/22 | सीमेंट | 146900 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | CHAND | | | |
| 11 | मनरेगा | 07/22 | C/O LINK ROAD ABADI OM PARKASH TO JATTAN | 042512 10/01/22 | सीमेंट | 235040 |
| 12 | मनरेगा | 07/22 | C/O LINK ROAD PULLY MAIN ROAD TO HARIZANA BASTI | 42513 10/01/2022 | सीमेंट | 293800 |
| 13 | मनरेगा | 07/22 | C/O LINK ROAD MOHKHAS COMMUNITY CENTRE TO MAHINDER | 2,4,8,10,12,23,25,104,119,122,1318,198 DTD. 24,25,26/12/2021, 09/02/2022, 26/12/2021, 24,25/03/2022 | रेत,बजरी, बोर्ड, ढुलाई इत्यादि | 443644 |
| 14 | मनरेगा | 07/22 | C/O LINK ROAD SHAMSHANGHAT TO HARIZANA BASTI | 5,6,27,107,115,199 DTD. 26/12/2021, 09/02/2022, 26/12/2021, 23,25/03/2022 | रेत,बजरी, बोर्ड, ढुलाई इत्यादि | 139019 |
| 15 | मनरेगा | 07/22 | C/O LINK ROAD JHAMBER ROAD TO HARDEEP, RANJIT | 1,3,7,9,11,24,103,118,121,1313,195 DTD. 24,25,26/12/2021, 09/02/2022, 26/12/2021, 23,24/03/2022, 25/02/2022, 25/03/2022 | रेत,बजरी, बोर्ड, ढुलाई इत्यादि | 417995 |
| 16 | मनरेगा | 07/22 | C/O LINK ROAD MAIN NH KUWARI TO SAKON BOUNDARY | 42511 10/01/2022 | सीमेंट | 440700 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 17 | मनरेगा | 07/22 | C/O RWHT GPS BOUL | 1322 28/02/2022 | स्टील | 20790 |
| 18 | अनुदान (प्लानिंग शीर्ष) | 07/21 | C/O पंचायत सामुदायिक केंद्र | 99 20/09/2020 | रेत,बजरी, बोर्ड, ढुलाई इत्यादि | 42893 |
| 19 | अनुदान (प्लानिंग शीर्ष) | 07/21 | C/O पंचायत सामुदायिक केंद्र | 240 TO 243 20/09/2020 | सेनेटरी का सामान | 67897 |
| 20 | अनुदान (प्लानिंग शीर्ष) | 07/21 | कम्पलीशन पंचायत सामुदायिक केंद्र | 152, 145 29/04/2021 | पेंट का सामान | 22562 |
| | | | | | **योग** | **5142877/-** |

